**भारत सरकार**

**श्रम एवं रोजगार मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 3671**

**सोमवार, 16 मार्च, 2020 / 26 फाल्गुन 1941 (शक)**

## ईएसआई अस्पताल

**3671. श्री सुनील कुमार सोनी:**

क्या **श्रम और रोजगार मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) छत्तीसगढ़ के रायपुर और कोरबा में निर्माणाधीन कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पतालों (ईएसआईसी) की वर्तमान स्थिति क्या है और उक्त अस्पतालों द्वारा कब तक कार्य आरंभ करने की संभावना है;

(ख) क्या उक्त दोनों अस्पतालों में चिकित्सा अधिकारी और पराचिकित्सा कार्मिकों की नियुक्ति की गई है, यदि हां, तो नियुक्त किए गए कार्मिकों की संख्या कितनी है;

(ग) रायपुर और कोरबा के अस्पतालों में बिस्तरों की प्रस्तावित संख्या क्या है और आरंभिक चरण में इन अस्पतालों द्वारा कितने बिस्तरों से कार्य आरंभ करने की संभावना है; और

(घ) क्या छत्तीसगढ़ में डिस्पेंसरी-सह-शाखा-कार्यालय (डीसीबीओ) आरंभ किया गया है और यदि हां, तो कितने जिलों में यह कार्यालय आरंभ किए गए हैं और वर्तमान में इन कार्यालयों की संख्या कितनी है?

**उत्तर**

**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**

**(श्री संतोष कुमार गंगवार)**

(क): रायपुर और कोरबा में दोनों अस्पतालों का निर्माण कार्य पूरा हो गया है।

(ख): दो चिकित्सा अधिकारी इन अस्पतालों में नियुक्त किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, इन दो अस्पतालों में नियुक्ति हेतु 17 चिकित्सा अधिकारी की नई भर्ती की गई है। इसके अतिरिक्त, इन दो अस्पतालों के लिए छत्तीसगढ़ क्षेत्र में नर्सिंग और पैरामेडिकल स्टॉफ नियुक्त किए गए हैं जिनमें से चार ने ईएसआईसी अस्पताल, रायपुर और दो ने ईएसआईसी अस्पताल, कोरबा में कार्यभार संभाल लिया है।

(ग): रायपुर और कोरबा में ईएसआईसी अस्पतालों के लिए 100 बिस्तर स्वीकृत किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, प्रारंभिक स्तर में प्रत्येक अस्पताल को 50 बिस्तरों के साथ क्रियाशील बनाया जाना है।

(घ): छत्तीसगढ़ में रायपुर, राजनंदगांव, कोरबा, दुर्ग, रायगढ़, धामत्री, बलोडा बाजार, जंजगीर-चम्पा और बिलासपुर जैसे नौ जिलों में डिस्पेंसरी सह शाखा कार्यालय (डीसीबीओ) हेतु स्वीकृति मिल गई है। वर्तमान में राजनंदगांव में, डीसीबीओं कार्य कर रहा है।

*****